<u>समाचार</u>

<u>सरकार–तुहर द्वार</u>

<u>शत प्रतिशत घरों में पहुंचकर करें संपर्क, समस्याओं की ले जानकारी, प्राप्त करें आवेदन, करवाएं संतुष्टिपूर्ण निराकरण – आयुक्त</u>

<u>(कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में आयोजित हो रहे वृहद समाधान शिविर)</u>

<u>(आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने 25 मई को आयोजित द्वितीय वृहद समाधान शिविर की तैयारियों की समीक्षा की, प्राप्त आवेदनों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर रहा विशेष फोकस)</u>

कोरबा 13 मई 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल एवं बालको के जोन कमिश्नरों एवं जोन के सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि आगामी 25 मई को सी.एस.ई.बी.स्कूल कोरबा पूर्व में आयोजित होने जा रहे समाधान शिविर हेतु संबंधित वार्डो के शत प्रतिशत घरों में पहुंचकर नागरिकों से संपर्क करें, उनकी समस्याओं की जानकारी लें, आवेदन प्राप्त करें तथा समस्याओं का संतुष्टिपूर्ण निराकरण अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं। उन्होने अन्य जोनों के अधिकारी कर्मचारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने जोन के वार्डो में लगातार डोर–टू–डोर सर्वे कर समस्याओं की जानकारी लें तथा निराकरण की प्रक्रिया जारी रखें।

यहॉ उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के मार्गदर्शन में कोरबा जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी ’’ सरकार–तुहर द्वार ’’ के तहत वृहद समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नगर निगम कोरबा में पहला शिविर 11 मई को कोरबा एवं टी.पी.नगर जोन के वार्डो हेतु आयोजित किया गया था, दूसरा शिविर 25 मई को कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल व बालको जोन के वार्ड क्र. 17 से वार्ड क्र. 42 तक के लिए विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा पूर्व में

आयोजित किया जाना हैं। आज आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में संबंधित जोन के जोन कमिश्नर एवं जोन के सभी अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर डोर–टू–डोर भ्रमण के दौरान अब तक प्राप्त हुए आवेदनों एवं निराकरण की विषयवार, वार्डवार एवं जोनवार समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 05 दिनों के भीतर सभी वार्डो में सर्वे का कार्य पूरा करें, ताकि विभिन्न समस्याओं, शिकायतों व मांगों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण 25 मई को आयोजित वृहद समाधान शिविर से पूर्व कराया जा सके। उन्होने कहा कि शत प्रतिशत घरों में सर्वे किया जाए, सभी लोगों से संपर्क किया जाए, उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनसे आवेदन प्राप्त किए जाएं एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

विभिन्न विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करें– आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों से कहा कि जिले के अन्य सभी विभागों से समन्वय बनाकर प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही कराएं, प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों में त्वरित रूप से भेजें ताकि समय रहते समस्यासओं का समाधान हो सके। उन्होने कहा कि वृहद समाधान शिविरों का आयोजन तभी सार्थक होगा जब आमजन की समस्याएं हम दूर कर सकेंगे, उनकी शिकायतें समाप्त कर सकेंगे, अतः इस कार्य को पूरी निष्ठा एवं गंभीरता के साथ करें।

टुल्लू पम्प लगाने वालों पर कार्यवाही– आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम द्वारा नियमित रूप से की जाने वाली पेयजल आपूर्ति के दौरान कुछ स्थानों में कतिपय लोगों द्वारा टुल्लू पम्प लगाने के परिणाम स्वरूप पानी का प्रेशर कम होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होने कल से ही इस पर कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि यह गंभीर विषय है, इससे पेयजल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है, पानी का प्रेशर कम होने से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता, अतः नलों में टुल्लू पम्प लगाने वालों पर कार्यवाही करें, टुल्लू पम्प को जप्त करें तथा उन्हें कड़ी हिदायत दें।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, एन.के.नाथ, अखिलेश शुक्ला, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा, राकेश मसीह, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, अनिरूद्ध सिंह, राजबहादुर सिंह, अभियंतागण राहुल मिश्रा, आकाश अग्रवाल, गोयल सिंह विमल, एम.एल.बरेठ, सोमनाथ डेहरे, रमेश सूर्यवंशी, रामेश्वर कंवर, पी. जी.गोस्वामी, प्रिंस सिंह, अरविंद सिंह आदि के साथ तीनों जोन के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।